हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 9 मई 2024

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 नगरीय क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 11, वार्ड क्रमांक...




08 दुकानें खुलते ही सिकुड़ जाती हैं चौड़ी सड़कें, जाम से...



## खबर संक्षेप

### सौराई रेलवे फाटक 10 व 11 को बंद रहेगा

**विदिशा।** सौरई सुमेर सेक्शन में स्थित रेलवे फाटक मरम्मत संबंधी काम के कारण 10 और 11 मई तक बंद रहेगा। जिससे सड़क यातायात बंद हो जाएगाा। रेलवे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता रेल पथ द्वारा जारी पत्र में उल्लेख है कि दोनों दिन वैकल्पिक मार्ग समपार फाटक से यातायात किया जा सकेगा।

### अदालत में 11 को समझौते के 3568 प्रकरण रखे जाएंगे

**विदिशा।** 11 मई को जिला न्यायालय विदिशा एवं तहसील न्यायालय गंजबासौदा, सिरोंज, कुरवाई, लटेरी में एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्यालय में 15, गंजबासौदा में 9, सिरोंज में 3, कुरवाई में 3 एवं लटेरी में 2 कुल 32 खaडपीठों का गठन कर पीठासीन अधिकारी एवं सदस्यों को नामांकित किया गया है। वहीं राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए भी खंडपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य लगभग 3568 प्रकरण तथा लगभग 9024 प्रीलीटीगेशन प्रकरण निराकरण हेतु प्रस्तुत किए गए हैं।

### 10 हजार तौलिया बांटने का लक्ष्य



**विदिशा।** बेब हीट के प्रभाव को देखते हुए श्रीहित हरिवंश कल्याण समिति द्वारा गरीब, असहाय, जरूरतमंदों को तौलिया वितरित की गई। समिति का इस वर्ष 10 हजार तौलिया बांटने का लक्ष्य है। जिससे आमजन को गर्मी से राहत मिल सके। इस अवसर पर राधिकाशरण दास, दीप सिंह परिहार, कैलाश नारायण शर्मा, पंकज द्विवेदी, विमलेश सक्सेना, हरिओम वर्मा, सुमित नेमा कृष्ण मोहन पाराशर आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दोपहर में 43 डिग्री तापमान, शाम को बादल छाए, आसमान से गिरी बर्फ जैसी ठंडी बूंदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बुधवार को पसीने छुड़ा देने वाली भीषण गर्मी से लोगों का सामना हुआ है। दिन का तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया।

दोपहर 12 बजे के बाद ही सड़कों, चौक, चौराहों पर सन्नाटा छा गया। तेज धूप का अहसास शाम 5 बजे तक बना रहा। इसके बाद अचानक से मौसम में बदलाव आया और आसमान में काले बादल दिखाई देने लगे। तेजी से गर्म हवा चली इसी बीच आसमान से पानी की बर्फ जैसे ठंडी बूंदें गिरीं। तेज गर्मी के कारण यहां लोग बीमार हो रहे हैं तो वहीं अस्पताल में भी उल्टी

- 15 जून को जिले में हो सकती है मानसून की दस्तक।

दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। चिकिल्सकों की मानें तो इस तेज गर्मी में दोपहर के समय घर से बाहर निकलने पर शरीर में तेजी से पानी की कमी होने लगती है, जिससे उल्टी दस्त जैसे समस्या हो जाती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 15 जून से मानसून आने की संभावना है। वहीं 22 मई से प्री मानसून जिले में दस्तक दे सकता है। लेकिन इससे गर्मी से कम ही राहत मिलेगी और लोगों को उमस का सामना करना पड़ेगा।

दोपहर 12 बजे



विदिशा। शहर के ओवर ब्रिज पर दोपहर 12 बजे के बाद इस तरह से सन्नाटा पसर जाता है।

शाम 5 बजे



विदिशा। शाम 5 बजे भी गर्म हवा चलने से इस तरह से निकलते नजर आए लोग।

### विदिशा लोकसभा में 72.05 और सागर संसदीय क्षेत्र 65.19 फीसदी मतदान

## स्ट्रांग रूम सील: ईवीएम की निगरानी में लोकल पुलिस के साथ स्पेशल फोर्स तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद ईवीएम मशीनें वापस जाफरखेड़ी स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय पहुंचीं।

मतदान में लगे कर्मचारी देर रात तक मशीनें जमा करने के लिए पहुंचते रहे। सभी ईवीएम जमा होने के बाद स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा की गई है। स्पेशल फोर्स और सुरक्षाकर्मी की निगरानी में ईवीएम मशीन रखीं गए हैं। विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं के 1341 मतदान केन्द्रों पर उपयोग की ईवीएम, वीवीपैट व अन्य निर्वाचन समाग्री शासकीय आदर्श महाविद्यालय जफरखेड़ी के स्ट्रांग रूम पहुंच चुकी हैं। दोनों संसदीय क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षकों, कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक एवं पांचों एसडीएम एआरओ की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को सील किया गया।

देर रात तक पहुंचे कर्मचारी



### सबसे पहले ईवीएम जमा करने पहुंचे दिव्यांग कर्मचारी

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने मतदानकर्मियों के पहुंचने पर उन सबका फूल मालाओं से स्वागत किया। विधानसभा अंतर्गत दिव्यांगों के द्वारा संचालित मतदान केंद्र क्रमांक 195 के मतदानकर्मी सबसे पहले सामग्री जमा कराने शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी पहुंचे। इन सभी दिव्यांग मतदानकर्मियों का भव्य स्वागत किया गया। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित मापदंडों के अनुसार संपूर्ण निर्वाचन सामग्री का विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांगरूम में सुरक्षित रखने का कार्य पूर्ण होने के बाद लोकसभा निर्वाचन 5 सागर के पुलिस प्रेक्षक एमजेड डिंगलोई और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18



विदिशा के पुलिस प्रेक्षक विजय कुमार और अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभावार स्ट्रांगरूम को सील्ड किया गया।

### कलेक्टर वैद्य ने कर्मचारी व वोटरों की सराहना की

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने विदिशा जिले में लोकसभा



निर्वाचन संपन्न कराने में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले जिले के सभी मतदाताओं और चुनावी ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। कलेक्टर श्री वैद्य ने इसी प्रकार निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के दायित्वों का निर्वहन करने वाले सभी वर्दीधारियों के द्वारा कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के दायित्वों का बखूबी निर्वहन करने पर उन सबके प्रति भी साधुवाद व्यक्त किया है।

## मतदान दल के अलावा अन्य शासकीय कर्मचारियों के द्वारा वोटिंग प्रभावित करने का आरोप

### कांग्रेस प्रत्याशी की शिकायत पर दर्ज हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लोकसभा विदिशा के लिए हुए मतदान के दौरान पोलिंग बूथ पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित पंचायत सचिव द्वारा फर्जी मतदान किए जाने की शिकायत कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा द्वारा की गई है।

कांग्रेस प्रत्याशी की शिकायत पर कांग्रेस पार्टी द्वारा मनोनीत चुनाव आयोग कार्य के प्रभारी जेपी धनोपिया द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को शिकायत दर्ज कराई गई है। कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा द्वारा शिकायत में कहा गया है कि उनके द्वारा मतदान के दिन विदिशा संसदीय क्षेत्र के विदिशा, रायसेन, भोजपुर और बुधनी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। तब उन्होंने यह देखा कि सभी पोलिग बूथ के अंदर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित महिला कर्मचारी और पंचायत सचिव टेबल लगाकर बैठे थे। कांग्रेस प्रत्याशी ने आरोप लगाया है कि इन कर्मचारियों द्वारा आमजनों को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए खुले रूप से प्रभावित कर रहे थे जो कि सीधे सीधे आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। उनसे चुनावी ड्यूटी के कार्ड प्रवेश पत्र मांगे तो उनके पास मतदान केन्द्र में प्रवेश संबंधी कार्ड नहीं मिले।

### कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा ने ये उठाए सवाल



कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा प्रश्न उठाया गया है कि मतदान केंद्रों पर इन कर्मचारियों को भारतीय चुनाव आयोग कि गाइड लाइन के निर्देश अनुसार बैठाया गया था ?, क्या कलेक्टर के द्वारा यह व्यवस्था अधिकृत रूप से की गई थी। यदि अधिकृत रूप से इन्हे नहीं बैठाया गया था तो यह पोलिंग बूथ भवन के अंदर क्यों उपस्थित थे ? यदि यह कर्मचारी ऑनड्यूटी थे तो उनके पास या पीठासीन अधिकारी के पास किसी भी प्रकार का ड्यूटी चार्ट या अधिकृत जानकारी क्यों नहीं थी। साथ ही भैरुंदा मतदान केंद्र पर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह द्वारा सैकड़ों साथियों के साथ फर्जी मतदान और आचार सहिंता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग शामिल है।

## लोगों ने बाइक चुराते पकड़ा चोर, खंभे से बांधकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार रात बसस्टैंड पर एक व्यापारी की गाड़ी चुराते चोर को लोगों ने पकड़कर पीट दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

बसस्टैंड पर व्यापार करने वाले कामिल राइन की बाइक उनकी दुकान के बगल में खड़ी थी। तब कोई युवक बाइक को धक्का लगाकर ले जाने जगा। तब व्यापारी के परिचित ने देख लिया और उसकी जानकारी कामिल को दी। दोनों ने शोर मचाया तो चोर गाड़ी छोड़कर भागने लगा। उन्होंने लोगों की मदद से चोर की पकड़ लिया। लोगों ने उसे खंबे से बाधकर उसकी



पिटाई कर दी। वहीं सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर बाइक चोर को थाने ले आई। पुलिस अब बाइक चोर से पूछताछ कर रही है ताकि और भी बाइक चोरी की घटनाओं का खुलासा हो सके। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक 30 वर्षीय भागचंद पंथी रायपुरा बस्ती का रहने वाला है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है अभी पूछताछ की जा रही है।

### महामंडलेश्वर को दिया शोभायात्रा का आमंत्रण



**विदिशा।** ब्राह्मण महापंचायत ने लाल घाटी गुफा मंदिर महंत महामंडलेश्वर रामप्रवेश दास महाराज को 10 मई परशुराम जयंती शोभायात्रा में विदिशा पधारने का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कथावाचक अंकित कृष्ण शास्त्री बटुक महाराज, ब्राह्मण महापंचायत सचिव सुरेश दुबे, संतोष सागर, रमेश चौबे, कार्यक्रम संयोजक मोनू दुबे, देवेंद्र शर्मा पटेल, हरिओम महाराज, गोपाल महाराज, ध्रुव महाराज, नीरज शर्मा, अभय आचार्य उपस्थित रहे।

## मेमनपुर गांव में मिला तेंदुए का शावक, घर में घुसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लटेरी के ग्रामीण इलाके में तेंदुए का शावक मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

लटेरी के देहरी पंचायत के अंतर्गत आने वाले मेमनपुर गांव में ग्रामीणों को तेंदुए का शावक घूमते हुए दिखा। जिसकी चलते ग्रामीण भयभीत हो गए। ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर जब शोर मचाया तो तेंदुए का शावक एक कच्चे घर में घुस गया। शावक के घर में घर में घुसने के बाद ग्रामीणों ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने



इसकी जानकारी वन विभाग की टीम को दी। वन विभाग की टीम और पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। कही शावक किसी के ऊपर हमला न कर दे। इसके लिए उन्होंने ग्रामीणों को शावक से दूर रखा। शाम के 4:30 बजे वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। तेंदुए के शावक का रेस्क्यू करने की कोशिश की जा रही है।

## नाबालिग को मां बनाकर बच्चे को ठिकाने लगाने वाले आरोपी को 10 साल की सजा

**नटेरन थाने का मामला:** एक साल पहले आरोपी ने दिया था मामले को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नाबालिग बालिका को मां बनाकर बच्चे को ठिकाने लगाने वाले आरोपी को न्यायालय ने 10 साल की सजा सुनाई है। अब आरोपी 10 साल तक सलाखों के पीछे रहेगा। नाबालिग बालिका ने नटेरन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके मोहल्ले में रहने वाले एक व्यक्ति की दो बेटियां उसकी सहेली हैं। इसलिए वह उनके घर आती जाती थी। करीब 1 साल पहले आरोपी दोपहर 2 बजे नाबालिग पीड़िता के घर पर आया और कहने लगा कि मेरे साथ चलो, मेरी लड़कियां तुम्हें बुला रही हैं। पीड़िता आरोपी के



साथ चली गई, जब वह उसके घर पहुंची तो घर पर कोई नहीं था। आरोपी उसे ऊपर के कमरे में ले गया और उसके साथ डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। उसके बाद आरोपी ने गांव में अलग-अलग जगह पर ले जाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। मामला न्यायालय में पहुंचा और आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई गई।

### 21 सितंबर को रात 3.30 बजे दिया बच्चे को जन्म

एक दिन आरोपी नाबालिग के घर के बाहर मिला तो नाबालिग ने उसे बताया की वह वह 6-7 माह से गर्भवती है। आरोपी ने उसे गर्भपात की गोलियां लाकर दे दीं। 21 सितंबर को रात 3:30 बजे नाबालिग ने बच्चे को जन्म दिया। जिसे आरोपी उसके घर से एक कपड़े में लपेटकर जिंदा लेकर गया। नाबालिग ने घर में इस बारे में किसी को कुछ नहीं बताया। फिर उसे पता चला कि उसके बच्चे की मृत्यु हो गई। तब उसने अपने परिजनों को पूरी बात बताई।

### रॉड मारने वाले आरोपी आकाश को 7 साल की सजा सुनाई

**हरिभूमि. विदिशा।** न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी आकाश अहिरवार को 7 साल की सजा सुनाई है। आरोपी ने रॉयल प्लेस होटल के पास बेल्डिंग की दुकान चलाने वाले सुभाष पाटनकर पर पैसों के लेनदेन को लेकर लोहे की रॉड मारकर गंभीर घायल किया था। सुभाष पाटनकर की बेटी ने इस घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई। शासकीय अधिवक्ता हिम्मत सिंह कुशवाह ने प्रस्तुत साक्ष्य व दस्तावेजों से घटना को प्रमाणित किया। सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन द्वारा आरोपी आकाश अहिरवार को 7 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।

## परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का शुभारंभ, बच्चों ने दी सुंदर प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण मैत्री की महिलाओं द्वारा जालोरी गार्डन में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं दो दिवसीय अक्षय मेला का आयोजन किया गया है। ब्राह्मण मैत्री की संयोजक रितु देवलिया ने बताया कि प्रथम दिवस की शुरुआत में प्रख्यात कथा वाचक अंकित कृष्ण बटुक जी, डॉ कमल चतुर्वेदी, डॉक्टर उज्जवला शर्मा, डॉक्टर निर्मला तिवारी, सुषमा बिरथरे, ऊषा चौबे ने भगवान परशुराम की पूजन किया तथा 15 बटुकों ने स्वस्तिवाचन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम




में 18 बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। 12 बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। लगभग 15 बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया तथा उनको सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। आयोजन में शहर की कामकाजी महिलाओं द्वारा घर से साड़ी, सूट, ड्रेस मटेरियल, सौंदर्य प्रसाधन, खाने के सामान केक, प्रेस्टी, बिस्कुट आदि आर्टिफिशियल ज्वेलरी, चिप्स, पापड़, मसाले एवं घरेलू उपयोग की विभिन्न सामानों सहित बैग, सीनरी आदि के स्टॉल कार्यक्रम में लगाए गए।

## नेत्र शिविर लगाया, 75 मरीजों की जांच की एक बच्चे को ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 65 मरीजों की जांच की गई एवं 10 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की जांच कर उनके परिजनों की काउंसलिंग की गई। इसके साथ ही एक बच्चे को ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा गया। शिविर में 65 मरीजों की जांच जिला पंचायत अधिकारी डॉक्टर योगेश भरसट, डॉक्टर विनोद भट्ट, डॉक्टर कुशाग्र दीक्षित, डॉक्टर




विदिशा। शिविर में निशुल्क जांच कर मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया।

सचिन गर्ग, डॉक्टर हंसा शाह, डॉक्टर रूपिका गर्ग एवं डॉक्टर सौम्यता मिश्रा द्वारा की गई। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की जांच आईएमए के डॉक्टर एमके जैन, डॉक्टर सुरेंद्र सोनकर, डॉ राजीव जैन एवं डॉक्टर सुमित जैन द्वारा की गई। डॉक्टर वीर बहादुर यादव फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा 20 मरीजों की निःशुल्क फिजियोथैरेपी की गई।

आशीष पैथोलॉजी के डॉक्टर वीपी मेहरा द्वारा पैथोलॉजिकल जांच की गई। डायबिटीज के आवश्यक मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर डॉक्टर योगेश भरसट ने कहा कि यथासंभव सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर पीड़ित मानवता की सेवा में योगदान देना चाहिए। डॉ. एमके जैन ने कहा कि शादी के पहले युवक एवं युवती की थैलेसीमिया कुंडली की जांच होना चाहिए।

## लोकसभा चुनाव: मतदान में गांवों में फुरतला रहा अव्वल, बैहलोट मतदान केन्द्र पिछड़ा

# नगरीय क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 11, वार्ड क्रमांक 14 और ताम्रकार धर्मशाला में हुआ सर्वाधिक मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को लोकसभा चुनाव में गंजबासौदा ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र में जिले में सर्वाधिक 73.62 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसने पूर्व के सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। इस दौरान ग्राम फुरतला पोलिंग बूथ क्रमांक 214 में सर्वाधिक 95 प्रतिशत मतदान हुआ है। जबकि पोलिंग बूथ क्रमांक 22 बैहलोट में सबसे कम 55 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदाताओं में मतदान करने का जुनून देखा गया। तपती धूप में वयोवृद्ध जो स्वयं मतदान केन्द्र पर नहीं पहुंच सकते थे उन्होंने भी अपने परिजनों के सहारे से मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया।

उधर नगरीय क्षेत्र में इस बार ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में अच्छा मतदान हुआ है। नगर में वार्ड क्रमांक 11 के मतदान केन्द्र क्रमांक 55 पर 86.72 और केन्द्र क्रमांक 56 पर 82.24 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं वार्ड क्रमांक 14 के इंद्रानगर मतदान केन्द्र पर 86.87 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा ताम्रकार धर्मशाला के दोनों मतदान केन्द्रों पर 84.45 और 83.82 प्रतिशत मत पडे। वहीं बैदनखेडी मतदान केन्द्र पर 83.66 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नगर के कई मतदान केन्द्रों पर महिला मतदाताओं ने पुरूष मतदाताओं की तुलना में अधिक मतदान किया है। इनमें मतदान केंन्द्र क्रमांक 61 शा.बा.उमावि में 331 पुरूषों ने मतदान किया, जबकि 332महिला मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। वहीं मतदान केंन्द्र क्रमांक 68 शासकीय कन्या उमावि में जहां 500 पुरूषों के मुकाबले 503 महिला मतदाताओं ने वोट डाले। दूसरी ओर बाल विद्या मंदिर के मतदान केनद्र क्रमांक 76 में 97 महिलाओं ने वोट डाले, जबकि यहां 93 पुरूषों ने वोट डाले हैं। इस तरह इन मतदान केन्द्रों पर पुरूषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा जागरूकता दिखाते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं नगर में अन्य श्रेणी के 4 में से 3 मतदाताओं ने अपने वोट डाले।

| क्रमांक | मतदान केंद्र का नाम एवं क्रमांक | पुरूष | महिला | अन्य | डाले गए मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शा.प्रा.शा.भवन हरदूखेड़ी 19 | 237 | 171 | | 408 | 75 |
| 2 | शा.प्रा.शा.भवन बेहलौट 21 | 401 | 394 | | 795 | 64.69 |
| 3 | शा.एसजीएस कॉलेज 22 | 453 | 365 | | 818 | 55.76 |
| 4 | शा.एसजीएस कॉलेज 23 | 436 | 367 | | 803 | 61.16 |
| 5 | शा.प्रा.शा.भवन बेहलौट 24 | 377 | 338 | | 715 | 58.70 |
| 6 | शा.प्रा.शा.भवन बेहलौट 25 | 414 | 367 | | 781 | 62.28 |
| 7 | टीटी जैन उमावि 28 | 465 | 420 | | 885 | 78.11 |
| 8 | टीटी जैन उमावि 29 | 391 | 350 | | 741 | 71.43 |
| 9 | शा.उमावि फ्रीगंज 30 | 277 | 254 | | 531 | 67.99 |
| 10 | शा.उमावि फ्रीगंज 31 | 372 | 367 | 2 | 741 | 73.08 |
| 11 | विद्यावैली हाईस्कूल 32 | 309 | 255 | | 564 | 64.31 |
| 12 | विद्यावैली हाईस्कूल 33 | 466 | 397 | | 863 | 73.32 |
| 13 | क्लब पार्क वाचनालय नपा 34 | 433 | 386 | 1 | 820 | 71.87 |
| 14 | बा.प्रा.शा रविदास कालौनी 35 | 285 | 245 | | 530 | 73.51 |
| 15 | रविदास कालौनी 36 | 282 | 232 | | 514 | 72.19 |
| 18 | मा.शा.बा. उमावि 37 | 289 | 254 | | 543 | 66.14 |
| 19 | लोनिवी भवन 38 | 333 | 306 | | 639 | 66.01 |
| 20 | विकासखण्ड कार्यालय 39 | 253 | 222 | | 475 | 66.06 |
| 21 | शा.प्रा. कामधेनु कालौनी 40 | 326 | 290 | | 616 | 73.25 |
| 22 | जल संशाधन विभाग 41 | 369 | 317 | | 686 | 65.58 |
| 23 | सुभाष निकेतन स्कूल 42 | 238 | 203 | | 441 | 61.08 |
| 24 | जल संशाधन विभाग 43 | 458 | 417 | | 875 | 66.34 |
| 25 | विकासखण्ड भवन 44 | 312 | 245 | | 557 | 66.00 |
| 26 | जनपद भवन 45 | 277 | 229 | | 506 | 66.49 |
| 27 | जनपद सामुदायिक भवन 45 ए | 260 | 243 | | 503 | 64.90 |
| 28 | गोपाल पाठशाल 46 | 166 | 155 | | 321 | 64.72 |
| 29 | गोपाल पाठशाल 47 | 257 | 238 | | 495 | 60.37 |
| 30 | गोपाल पाठशाल 48 | 481 | 420 | | 901 | 72.96 |
| 31 | गोपाल पाठशाल 49 | 143 | 128 | | 271 | 75.49 |
| 32 | सिंचाई विभाग 50 | 292 | 263 | | 555 | 56.75 |
| 33 | नवांकुर स्कूल 51 | 222 | 201 | | 423 | 64.19 |
| 34 | नवांकुर स्कूल 52 | 296 | 245 | | 541 | 67.71 |
| 35 | स्टेशन एरिया गौशाला 53 | 210 | 209 | | 419 | 75.63 |
| 36 | स्टेशन एरिया गौशाला 54 | 327 | 286 | | 613 | 77.30 |
| 37 | शा. कन्या. मा.शा 55 | 342 | 285 | | 627 | 86.72 |

| क्रमांक | मतदान केंद्र का नाम एवं क्रमांक | पुरूष | महिला | डाले गए मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 38 | शा. कन्या. मा.शा 56 | 358 | 309 | 667 | 82.24 |
| 39 | टीटी जैन पाठशाला 57 | 310 | 269 | 579 | 70.10 |
| 40 | शा. शाला भवन नवीन 58 | 276 | 211 | 487 | 71.83 |
| 41 | एलबीएस कॉलेज 59 | 270 | 218 | 488 | 72.73 |
| 42 | एलबीएस कॉलेज 60 | 341 | 304 | 645 | 74.83 |
| 43 | शा.बा.उमावि 61 | 331 | 332 | 663 | 76.38 |
| 44 | मिर्जापुर शाला 62 | 537 | 454 | 991 | 70.63 |
| 45 | शा.बा.उमावि 63 | 200 | 190 | 390 | 79.27 |
| 46 | एलबीएस कॉलेज 64 | 246 | 175 | 421 | 69.93 |
| 47 | शा.शाला इंदिरानगर 65 | 413 | 394 | 807 | 86.87 |
| 48 | एलबीएस कॉलेज 66 | 427 | 384 | 811 | 76.22 |
| 49 | शा.कन्या उमावि 67 | 271 | 248 | 519 | 76.44 |
| 50 | शा.कन्या उमावि 68 | 500 | 503 | 1003 | 76.86 |
| 51 | शा.कन्या उमावि 69 | 242 | 216 | 458 | 79.93 |
| 52 | शा.कन्या उमावि 70 | 382 | 309 | 691 | 79.98 |
| 53 | ताम्रकार धर्मशाला 71 | 295 | 259 | 554 | 84.45 |
| 54 | ताम्रकार धर्मशाला 72 | 529 | 486 | 1015 | 83.82 |
| 55 | शा.शाला बेदनखेड़ी 73 | 450 | 400 | 850 | 72.46 |
| 56 | शा.शाला बेदनखेड़ी 74 | 444 | 406 | 850 | 83.66 |
| 57 | नपा वाचनालय 75 | 295 | 238 | 533 | 66.46 |
| 58 | बाल विद्यामंदिर 76 | 93 | 97 | 190 | 66.20 |
| 59 | भारत बाल मंदिर 77 | 266 | 229 | 495 | 66.89 |
| 60 | भारत बाल मंदिर 78 | 212 | 174 | 386 | 69.80 |
| 61 | शा.कन्या शाला गांधी चौक 79 | 330 | 326 | 656 | 68.40 |
| 62 | शा.कन्या शाला गांधी चौक 80 | 257 | 225 | 482 | 72.70 |
| 63 | शा.कन्या शाला गांधी चौक 81 | 302 | 229 | 531 | 70.33 |
| 64 | शा.शाला पंडापुरा 82 | 156 | 153 | 309 | 72.37 |
| 65 | शा.शाला पंडापुरा 83 | 424 | 351 | 775 | 77.11 |
| 66 | रतनबाई स्कूल 84 | 317 | 299 | 616 | 70.16 |
| 67 | रतनबाई स्कूल 85 | 168 | 142 | 310 | 63.39 |
| 68 | शा. उमावि राजेन्द्रनगर 86 | 467 | 379 | 846 | 74.47 |
| 69 | शा. उमावि राजेन्द्रनगर 87 | 486 | 431 | 917 | 78.04 |
| 70 | शा. उमावि राजेन्द्रनगर 88 | 563 | 498 | 1061 | 71.64 |
| 71 | शा. उमावि राजेन्द्रनगर 89 | 156 | 141 | 297 | 72.44 |
| 72 | शा. उमावि राजेन्द्रनगर 90 | 400 | 391 | 791 | 75.19 |







## लावारिस मवेशी बने परेशानी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



इन दिनों नगर के मुख्य मार्गों एवं वार्डों की गलियों में विचरण करते लावारिस मवेशी पैदल राहगीर, वाहन चालकों एवं रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। आवारा मवेशी आए दिन पैदल राहगीरों को घायल कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर लोगों की बाइक एवं अन्य सामग्री को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। मील रोड पर एक गली में आवारा मवेशियों की आपसी लढ़ाई के दौरान घर के बाहर बनी शौचालय की दीवार को गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे रहवासी को नुकसान हो गया।

बुधवार को शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर दो सांड आपस में लड़ गए थे। जिन्होंने आपस में लडते हुए मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी एक्टिवा पर चढ़कर उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया था एवं पास से पैदल गुजर रहे राहगीर बाल बाल बच गए थे। आवारा मवेशियां भोजन की तलाश में मुख्य मार्गों पर एकत्रित होती रहती हैं जो फल, सब्जी के हाथ ठेला एवं पैदल राहगीरों पर छपट पड़ती हैं।

## नौलखी घाट मंदिर पर होगा तीन दिवसीय आयोजन



**गंजबासौदा।** नौलखी घाट पर आयोजित महायज्ञ, मंदिर निर्माण, सीताराम, जगन्नाथ भगवान विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ, यज्ञशाला निर्माण, श्री जगन्नाथपुरि यात्रा, भंडारे में, संत सेवा, जल सेवा में जिन श्रद्धालुओं ने अपना तन, मन, धन से सहयोग किया है। ऐंसे सभी श्रद्धालुओं को दिनांक 13 मई को प्रातः सुबह 9 बजे से अखंड रामायण पाठ, 14 मई को सुबह 9 बजे से 24 घंटे की अखंड कीर्तन एवं 15 मई को सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें ब्राम्हण दल के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील श्री श्री 108 श्री महंत राममनोहर दास महाराज ने की है।

## पीड़ित ने की पुलिस से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वार्ड नंबर 3 नई बस्ती निवासी निर्मल सैन ने थाना प्रभारी को एक शिकायती आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि उनकी दुकान पर पड़ोसी लाला नामक युवक द्वारा झूठे मामले में फंसाने की आशंका व्यक्त की है। शिकायती आवेदन में कहा गया है कि पूर्व में भी लाला झूठी रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करा चुका है। लाला आपराधिक प्रवृत्ति का है जो आए दिन लोगों पर झूठे मामले दर्ज करवाता रहता है। शिकायती आवेदन में पीड़ित ने वार्ड क्रमांक 1 निवासी लाला के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़ित ने शिकायती आवेदन के साथ एफआईआर की कॉपी प्रेषित की है जिसमें कहा गया है कि विगत दिनों वह रात्रि के समय अपने बच्चों को घुमाने के लिए स्टेशन की ओर जा रहा था। इसी दौरान हनुमान मंदिर के पास चाय की गुमठी पर चाय पी रहे थे। तभी पुरानी रंजिश के चलते लाला ने गाली गलौंज करते हुए लात, घूंसों से मारपीट कर दी थी। जिससे उनके शरीर में अनेक स्थानों पर मूंदी चोटें आई थीं एवं दुकानदार की दुकान पर रखा सामान भी इधर उधर बिखर गया था। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध धारा 323, 506 के तहत मामला दर्ज किया है।



### प्रारंभ की गई मातृशक्ति अखंड दीप कलशयात्रा

## संदेश लेकर गांव-गांव पहुंच रही रथ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी, अखंड ज्योति के 100 वर्ष एवं अखंड ज्योति पत्रिका के 75 वें वर्ष के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुदेव के संदेशों को गांव-गांव तक पहुंचना था। जिसके लिए विशेष कार्यक्रम मातृशक्ति अखंड दीप कलश यात्रा प्रारंभ की गई। जिस के अंतर्गत पूरे देश में हर घर तक गुरुदेव के संदेशों को पहुंचना था। गंजबासौदा तहसील की सभी पंचायतों में गुरुदेव के संदेशों को पहुंचाने की जिम्मेदारी गायत्री प्रज्ञा पीठ से जुड़े ट्रस्टियों एवं परिजनों को सौंपी गई थी। सभी ट्रस्टियों एवं परिजनों ने मिलकर सभी ग्राम पंचायतों में गुरुदेव के संदेश को लेकर रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें गायत्री परिवार के सदस्यों ने गुरुदेव के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाया।

गंजबासौदा तहसील की लगभग 101 पंचायतों में रथ क्रमांक 137 के माध्यम से परिजन पहुंचे और घर घर तक गुरुदेव के संदेशों को पहुंचाया । इस रथ यात्रा को गांव गांव तक पहुंचने में गायत्री प्रज्ञापीठ के मुख्य ट्रस्टी श्याम सुंदर माथुर, उपमुख्य ट्रस्टी जय राम अहिरवार, ट्रस्टी भगवान सिंह, ट्रस्टी महाराज सिंह, रघुवीर सिंह, संजय श्रीवास्तव, कारेलाल विश्वकर्मा, सूरज परिहार, परिव्राजक बसंत पांडे का विशेष सहयोग रहा। जिले में सबसे पहले गंजबासौदा तहसील द्वारा उपयात्रा को पूर्ण किया गया। उक्त जानकारी प्रज्ञापीठ गंजबासोदा से जुड़े वरिष्ठ ट्रस्टी एसके सैनी द्वारा दी गई।

### आरपीएफ चौकी प्रभारी का हुआ स्थानांतरण



**गंजबासौदा।** स्थानीय रेल्वे स्टेशन स्थित आरपीएफ चौकी प्रभारी प्रकाश रघुवंशी का भोपाल स्थानांतरण हो गया। इस मौके पर आरपीएफ चौकी के स्टॉफ एवं अन्य नागरिकों ने चौकी पर पहुंचकर फूल मालाओं से उनका स्वागत कर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 को

**गंजबासौदा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में 11 मई को तहसील न्यायालय गंजबासौदा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित समस्त समझौता योग्य सिविल एवं आपराधिक प्रकरण, बैंकों के ऋण वसूली प्रकरण, बी.एस.एन.एल., संपत्तिकर एवं जलकर के प्रीलिटीगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु गंजबासौदा में 9 खण्डपीठों का गठन कर पीठासीन अधिकारी एवं सदस्यों को नामांकित किया गया है। इसके अतिरिक्त राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु भी खण्डपीठों का गठन किया गया है।

## परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज निकलेगी वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान परशुराम जन्मोत्सव ब्राह्मण दल द्वारा समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। जिसके तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। अब इसी उपलक्ष्य में ब्राह्मण दल द्वारा नगर में गुरुवार को विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली नौलखी धर्मशाला सिरोंज चौराहा से शुरु होगी। जिसके बाद जय स्तंभ चौराहा, त्योंदा रोड, मील रोड, स्टेशन, जय स्तंभ चौक, बरेठ रोड होते हुए श्री सिद्धेश्वर धाम भगवान परशुराम मंदिर धर्मकांटा पहुंचेगी जहां विशाल ध्वजा अर्पण कर रैली का समापन किया जाएगा और प्रसादी का वितरण होगा।

## खबर संक्षेप

### ग्राम जैतपुर में कुशवाह परिवार द्वारा अक्षय तृतीया पर पिलाई जाती है चाई की दवाई



**सिरोंज।** चाई फुट कॉर्न, त्वचा की एक मोटी परत होती है, जो घर्षण, रगड़ और दबाव के कारण प्रतिक्रिया करके त्वचा में खासकर पैरों के तलवे में उत्पन्न होने लगती हैं और कॉर्न के कारण चलने पर दर्द होता है। कॉर्न अक्सर छोटे-छोटे, परतदार गोल चक्र के आकार के होते हैं, जो आम तौर पर पैरों की उंगलियों के ऊपर, बराबर में या तलवे पर विकसित होते हैं। लेकिन ये कहीं भी विकसित हो सकते हैं। फुट कॉर्न अक्सर दुबले-पतले लोगों के पैरों में होते हैं, क्योंकि उनकी त्वचा में चर्बी की कमी होती है। वही इसके उपचार के लिए अक्षय तृतीया पर सिरोंज के ग्राम जैतपुर में चाईं(भट्ट) की दवा का सेवन कराया जाता है जिससे 90 प्रतिशत लोगो का फायदा हुआ है और बड़ी दूर-दूर से लोग आकर इस दवा का सेवन करते है। समाजसेवी सुजीत कुशवाह ने बताया कि खास बात तो यह है कि यहां पर यह दवा हनुमान जी के मंदिर पर पिलाई जाती है और इस दवा को पिलाने से पहले हनुमान जी के आगे नशे के पदार्थ जैसे तम्बाकू,जर्दा आदि ऐसे नशीले पदार्थ को यहां छोड़कर के जाना पड़ता है। साथ ही जिंदगी में कभी नशा नही करने के लिए बोला जाता है। इस दवाई को पीकर अच्छे हुए लोग भी हर साल यह दवाई पीने आते है साथ ही उक्त रोग से ग्रसित लोगो को भी जहां लाते है। यह दवाई मेरे परिवार द्वारा बनाई जाती है यह परम्परा मेरे परिवार में पीढ़ियो से चली आ रही है पहले मेरे दादा के पिता स्व.कालूराम फिर उनके पुत्र स्व.पूरन सिंह इस दवा को बनाते थे। अब वह इस दुनिया मे नही रहे। लेकिन अब मेरे पिता खुमान सिंह इस दवा को बनाते है हमे बहुत खुशी मिलती है कि हमारा परिवार किसी के दुख दर्द में सहयोगी बना हुआ है और मेरा परिवार सामाजिक कार्यो में हमेशा आगे रहता है। वही उन्होने कहा कि यदि चाई फुट कॉर्न रोग से ग्रेसित है तो वह मुझे संपर्क कर सकते हैं।

## युवती को बीएमओ बताकर करते थे वसूली

# शाहगढ़ में फर्जी पत्रकारों ने डॉक्टर से जबरन वसूले रुपए, एक युवती सहित 6 पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शाहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम तारपोह में तथा कथित पत्रकार बनकर अप्रशिक्षित डॉक्टर्स को धमकाने और कार्रवाई का डर दिखाकर रुपए वसूलने वाले 6 लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी अपने साथ रहने वाली युवती को बीएमओ बताते थे। पुलिस मामले में जांच कर रही है। फर्जी पत्रकार कार से अप्रशिक्षित डाक्टरों से वसूली करते थे। पुलिस के अनुसार फरियादी असिम पिता आशुतोष मित्र उम्र 38 साल निवासी तारपोह ने थाने आकर शिकायत की। शिकायत में बताया कि ग्राम तारपोह में रहकर प्राथमिक उपचार जैसे बेंडेज, पट्टी आदि का कार्य करता हूं। 23 मार्च की शाम करीब 6 बजे कार क्रमांक एमपी 15 सीसी 4300 से पांच लोग मेरे दवाखाने पर आए। उन्होंने खुद को पत्रकार बताते हुए अपने नाम मनोज साहू,चंद्रभान पटेल, नरेंद्र चौरसिया, कमलेश साहू और महेंद्र साहू होना बताया। जिसके बाद वे मुझसे डॉक्टरी की डिग्री पूछने लगे। मैंने कहा कि मैं यहां ग्रामीणों का प्राथमिक उपचार करता हूं। इस पर वह डिग्री मांगकर मुझे ब्लैकमेल करने लगे। पैसों की मांग की। इसी दौरान उन्होंने एक महिला को बुलाया। महिला



आई और बोली कि वह बीएमओ है। उसने अपना नाम राधिका सूर्यवंशी बताया। उन्होंने कहा कि डिग्री नहीं दिखाई तो जेल भेज देंगे। 10 हजार रुपए की मांग की।

### रुपए नहीं देने पर जेल भेजने की देते थे धमकी

पीड़ित ने बताया कि मैंने रुपए नहीं होने का बोला। इसके बाद वह दो हजार रुपए ले गए। शेष रुपए बाद में देने का बोला। बाद में मुझे पता चला कि बराज और शाहगढ़ के अन्य लोगों से भी उक्त आरोपी डरा-धमकाकर रुपए वसूलकर ले गए हैं। इसी बीच वह पांच व्यक्ति शाहगढ़ में डडी पाल के दवाखाने पर पहुंचे। कार्रवाई का डर दिखाकर रुपयों की मांग की। सूचना मिलते ही सभी लोग मौके पर पहुंचे और शाहगढ़ के पत्रकारों को सूचना दी। जिसके बाद उक्त लोगों को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। मामले की शिकायत पर शाहगढ़ थाना पुलिस ने मनोज साहू, चंद्रभान पटेल, नरेंद्र चौरसिया, कमलेश साहू, महेंद्र साहू और राधिका सूर्यवंशी के खिलाफ धारा 384 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर कलेक्टर ने ननि के दो उपयंत्रियों को किया निलंबित

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने नगर पालिक निगम के दो उपयंत्री राजकुमार साहू और आशिमा तिर्की को निलंबित किया है। लोकसभा निर्वाचन में विधानसभा क्षेत्र 041-सागर में निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए राजकुमार साहू और आशिमा तिर्की को दिये गये निर्वाचन दायित्वों का निर्वाहन गंभीरता से नहीं किया गया जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हुई है। उनका यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन है। जो कि अवचार की श्रेणी में आता है। दोनों उपयंत्रियों को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें मुख्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्मार्ट सिटी सागर निर्धारित किया गया है। नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

### गोलापूर्व महासभा की विचार विमर्श बैठक 12 को

**सागर।** अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा की विचार-विमर्श बैठक 12 मई को दोपहर में 2 बजे से पुरानी गल्ला मंडी रोड स्थित वर्णी वाचनालय सभागार में रखी गई है। महासभा के महामंत्री चक्रेश शास्त्री ने बताया कि बैठक में पिछले वर्ष गढ़ाकोटा में संपन्न 19 वे परिचय सम्मेलन की समीक्षा होगी। साथ ही आय-व्यय का प्रस्तुतीकरण होगा। इसके साथ ही महासभा के पदाधिकारियों के कार्य निर्वहन के संबंध में चर्चा होगी। बुंदेलखंड भवन परिसर के चंद्रप्रभ जिनालय की नवीन योजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।



### कटरा बाजार स्थित डीडी कांपलेक्स के शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाएः निगम आयुक्त

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बुधवार को प्रातः नगर निगम द्वारा चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त द्वारा शहर के बीचों-बीच कटरा बाजार में बनाए जा रहे आधुनिक सुविधायुक्त डीडी काम्प्लेक्स का निरीक्षण करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करें। उक्त कांपलेक्स में बड़े शहरों की भांति सुविधाओं का ध्यान रखा गया है, परिसर में आने वाले ग्राहकों के वाहन पार्किंग हेतु सबसे नीचे भू-तल पर जगह बनाई गई है इसके साथ ही डीडी कांपलेक्स में लिफ्ट और एक्सीनेटर की व्यवस्था की जा रही है ताकि परिसर में आने वाले नागरिकों को बड़े शहरों की भांति सुविधा प्राप्त हो।

### नगर निगम द्वारा आधुनिक रोड स्वीपिंग मशीन से की जा रही मुख्य सड़कों की सफाई



**सागर।** नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार नगर की मुख्य सड़कों की आधुनिक तकनीक से लैस रोड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से सफाई कराई जा रही है ताकि सफाई व्यवस्था के दौरान धूल न उड़े और पर्याप्त सफाई हो सके । इस सफाई कार्य के दौरान आगम पेट्रोल पंप से सिविल लाइन चौराहा तक, सिविल लाइन चौराहा से नगर निगम ऑफिस की ओर, तिली चौराहा से दीनदयाल चौराहा तक, रेलवे ओवरब्रिज से भाग्योदय अस्पताल की ओर, एलिवेटेड कॉरिडोर रोड के अलावा अन्य प्रमुख सड़कों की सफाई कराई जा रही है। स्वीपिंग मशीन ट्रक पर लगी होती है, उसके चेसिस के नीचे सफाई करने वाले ब्रश और मलबे को इकट्ठा करने के लिए एक शक्तिशाली वैक्यूम सिस्टम लगा होता है जिससे सड़कों की अच्छी तरह से सफाई हो जाती है और धूल भी नहीं उड़ती जिससे वायु प्रदूषण भी नहीं होता तथा सड़क की सतह से धूल, पत्तियों और अन्य कचरा को हटाने के लिए सफाई ब्रश और सक्शन के संयोजन का उपयोग होता हैं, मशीन संचालन के दौरान धूल को दबाने के लिए यह मशीन रोड पर पानी का भी छिड़काव करती है।

## मतदान के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने की साफ-सफाई, बोले शहर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने का अभियान जारी रखेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



तीन बत्ती स्थित म्युनिसिपल स्कूल मतदान केंद्र के सामने भाजपा, और कांग्रेस के पोलिंग एजेंट कार्यकर्ता टेंट लगाकर मतदाताओं के सहयोग के लिए बैठे थे। सुबह से ही इस स्थल पर भारी भीड़ भाड़ रही जिसके कारण यहां चाय के डिस्पोजल, खाली पानी की बॉटल, खाली भोजन के पैकेट सहित अन्य कचरा एकत्र हो गया था। जिसे देखते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, पार्षद प्रतिनिधि, आशोतुष पराग बजाज, अजय जैन लंबरदार, नीलेश जैन, दीपक जैन, सुरेंद्र भाईजी, जिनेश पेटी, सनत जैन, सोनू दुबे, तरुण नवरंग,सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर झाड़ू लगाकर स्थल की साफ सफाई की एवं कचरे को व्यवस्थित डस्टबिन में डाला भाजपाइयों द्वारा किए गए सफाई अभियान को देखकर सभी दुकानदार व राहगीर प्रसन्न हो उठे व कार्यकर्ताओं को बधाई व धन्यवाद दिया। वही स्थानीय दुकानदार द्वारा प्रसन्न मुद्रा में कहा के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत योग्य पहल की गई है। भाजपा नेताओं ने कहा हमें सागर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाना है। स्वच्छता को अपनी आदत में लाना है।



### तेंदूपत्ता के अवैध व्यापार पर कसा शिकंजा

**सागर।** वन मंडल दक्षिण सागर अंतर्गत डीएफओ दक्षिण सागर के निर्देशन एवं उपवन मंडल अधिकारी के मार्गदर्शन में तेंदूपत्ता अवैध तुड़ाई के संबंध में परिक्षेत्र सागर अंतर्गत टीम गठित कर जगह-जगह जंगल में अवैध रूप से तेंदूपत्ता तोड़ने वाले ग्रामीणों को समझाइश दी गई एवं तेंदूपत्ता अवैध रूप से तोड़ने हेतु रोका गया।

## प्रेरणा मंच की साहित्यिक गोष्ठी आयोजित

### नवनीता पाण्डेय ने प्रथम प्रतिश्रुति सुनाकर सभी को बचपन की यादें ताजा कराईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



प्रेरणा मंच की माह मई की साहित्यिक गोष्ठी मंच की नई सदस्य श्रीमती जागृति अवस्थी के मुखर्जी नगर स्थित निवास पर हुई। इस मासिक गोष्ठी में मंच की अध्यक्ष डॉ कमल चतुर्वेदी ने प्रेरणा मंच की साहित्यिक अभिरुचि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला ।

मानसून की प्रतीक्षा करती उनकी नई कविता ने मिट्टी की महक और बारिश की बूंद का एहसास करते हुए मसूरी नैनीताल और देहरादून भी घुमा दिया। गोष्ठी में सर्वप्रथम बाल रचना नवनीता पाण्डेय ने प्रथम प्रतिश्रुति सुनाकर सभी को बचपन की यादें ताजा करा दीं। सुमन मंडोरिया ने समय के पन्नों पर अंकित यादें कविता सुनाई जिसे सभी ने सराहा। डॉ रेखा श्रीवास्तव ने मातृ दिवस पर आधारित लघुकथा कलंक से बचा लिया सुनाई। कुसुम तोमर ने जीवन एक खेल रचना सुनाई जो शतरंज पर आधारित थी और सभी ने आनंद उठाया।डॉ कमल चतुर्वेदी ने भीषण गर्मी से राहत मिलने की आस वाली रचना मई गुजरे जल्दी से जून आ जाए सुनाकर मानसिक मानसूनी राहत पहुंचाई जिसका सभी ने आनंद उठाया। संतोष नामदेव ने यादें शीर्षक से रचना कारवां गुजर गया निहारते ही रहगए सुनाकर सभी को अतीत की यादें ताजा करा दीं। पं सुशील शर्मा सरल ने जो खुद पे गुजरेगी तो जल्दी समझ जाओगे रचना सुनाकर वाहवाही लूटी।

■ संतोष नामदेव ने अतीत की यादों को ताजा कर दिया।

छाया नामदेव ने ज़ख्म शीर्षक से गीत रात कटती नहीं दिन गुजरता नहीं सुनाकर सभा को भावपूर्ण कर दिया। शिखा शर्मा ने अपनी मधुर आवाज में ग़ज़ल चिट्ठी न कोई संदेश जाने वो कौन सा देश सुनाई जिसकी सभी सदस्यों ने तारीफ की। चारु सक्सेना ने बेज़ान शब्द से मैं और मेरा स्वप्न रचना सुनाकर सभी की वाहवाही लूटी। जागृति अवस्थी ने ईश कृपा नामक प्रेरणास्पद कथा सुनाकर समझाने की कोशिश की किस प्रकार ईश्वर आपसे किसी जरूरतमंद इंसान की मदद करवा देता है। माया सिंह ने भी अपनी रचना का पाठ किया। अंत में डॉ नीरज कनोजिया ने मोड़ शीर्षक से कविता सुनाई जिसमें बतलाया कि जीवन में कभी एक बार बीत चुका समय वापस नहीं आता।अंत में मंच की सदस्य एवं मेजबान जागृति अवस्थी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट कर गोष्ठी का समापन किया।

### जनपद पंचायत में कार्यरत लेखा अधिकारी की हृदयाघात से मौत



**सिरोंज।** लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन सिरोंज जनपद पंचायत में कार्यरत सहायक लेखा अधिकारी पवन श्रीवास्तव की मौत हो गई। सुबह घर पर ही उन्हें हार्ट अटैक आया तो उन्हें शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन का समाचार सुनते ही पूरी जनपद पंचायत एंव सिरोंज प्रशासन में शोक की लहर लौड़ गई। पवन श्रीवास्तव चुनाव के दौरान व्यय प्रकोष्ठ का काम भी संभाल रहें थें। पवन श्रीवास्तव सिरोंज शहर में हमेशा सामाजिक कार्यो में आग्रणी भूमिका निभाते थें। वही शासकीय सेवा के दौरान के हमेशा लोगो की मदद करने के लिए तत पर रहते थें।

## परमात्मा को जानना ही वायु महापुराण कथा का मूल अर्थ हैः ब्रह्मचारी महाराज

### बापौली धाम में ब्रम्हलीन गुरूजी की 26वीं पुण्यतिथि पर जारी कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

ब्रह्मलीन पूय गुरु जी बापोली धाम की पुण्य स्मृति में आयोजित श्री वायु महापुराण कथा के सप्तम दिवस कथा व्यास ब्रह्मचारी विष्णुदत्त जी शास्त्री ने वायु महापुराण कथा के मूल उद्देश्य के विषय में बताया कि परमात्मा की प्राप्ति ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। जिस प्रकार घी की व्याप्ति दूध में है, उसी प्रकार परमात्मा की व्याप्ति आत्मा में है। जिस प्रकार इद्रियाँ अपने विषयों में ही लीन रहती है। लेकिन हमें इंद्रियों को विषयों से हटा कर परमात्मा की ओर जोडन्ना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि परमात्मा हमारे हृदय में विराजमान है। किंतु अज्ञान के कारण हम उसे प्राप्त नहीं कर रहे। परमात्मा इंद्रियों से परे है। यद्यपि जीव अविनाशी है, किंतु अज्ञान के कारण माया के बंधन में बधें होने से गांठ पड़ गयी है। सियाराम मय संसार को मानकर कर्म करें। माया की गांठ ज्ञान से छोडी जा सकती है। श्री राम चरित मानस में तुलसीदास



जी ने उत्तर कांड में इसकी विशद् व्याख्या की है। भक्ति मणि के प्रकाश से अज्ञान का अंधकार मिटाया जा सकता है, किंतु भक्ति मणि प्राप्त करने की प्रक्रिया है, उसे अपना कर ही मणि मिलेगी। माया और मणि एक वर्ग में आती हैं। अतः जहां भक्ति मणि व्याप्त होगी, वहाँ माया नहीं रुकेगी। प्रयत्न करने पर भी यदि काम सिद्ध न हो तो हमारे प्रयत्नों में कमी है। वैराग्य की पहली कोटि है शास्त्र विहित कर्म करना, एवं शास्त्र विरुद्ध कर्म न करना, वैराग्य का दूसरा लक्षण है। संसार से विरति तीसरी कोटि है। अपने कर्तव्य का पालन करना। उन्होंने बताया कि वायु महापुराण कथा में श्राद्ध के विषय में विस्तार से बताया गया है। श्राद्ध में हमेशा योग्य ब्राह्मणों को बुलाना चाहिए। जिनकी मृत्यु हत्या के कारण की गई हो, उसका श्राद्ध चर्तुदशी को करना चाहिए। श्राद्ध कर्म का पुण्य पत्रों को प्राप्त हो जाता है। गया जी में श्राद्ध के बाद भी घर में श्राद्ध और तर्पण करते रहना चाहिए।

### महुआ बीनने, तेंदूपत्ता तोड़ने जंगलों में लोगों का बेखौफ विचरण

**बरेली।** पूर्व दिशा में माँ नर्मदा की सदानीरा कल-कल धारा तो पश्चिम उत्तर दिशा में विन्ध्यांचल पर्वत की उंची उंची चोटिया। बाड़ी, बम्होरी रेंजो को मिला कर बनाया गया सिंघोरी अभ्यारण जिसमें सैकड़ों प्रजाति के वन्य प्राणी भारी संख्या में पाए जाते है। पिछले वर्षो में सिंघोरी अभ्यारण में जमकर जंगल की कटाई होती रही। जंगल मैदान में तब्दील होते रहे। जैसे ही भीषणतम गर्मी का दौर शुरू हुआ जंगल, पहाड़ तपने वन्य प्राणी पानी छांव की तलाश में गांवों, मैदानी क्षेत्र में पलायन करने लगे हैं। अभ्यारण क्षेत्र के जंगल एवं राजस्व के जंगल में महुआ बीने वालो एवं तेंदूपत्ता तोड़ने महिला, पुरूषों का जंगली क्षेत्र में बेखौफ आना जाना लगा रहता है। इसी के साथ दशकों बीत गए परंतु अभ्यारण क्षेत्र के वन ग्रामों का विस्थापन न होने के साथ बाउंड्री बाल, फैसिंग न किए जाने से लकड़ी चोर माफिया और वन्य प्राणी किसी भी समतल स्थन से जंगल के भीतर बाहर आते जाते रहे है। अभ्यारण क्षेत्र की बाड़ी,बम्होरी रेंजो में विभिन्न स्थानों पर वन विभाग के नाके चौकियां तो बनी है, परंतु वाहनों का अभ्यारण क्षेत्र के भीतर बेखौफ आवागमन बना रहता है। दिन का तापमान पिछले अनेक दिनों से 40 डिग्री के आसपास बना हुआ है। सूरज की किरणें आग बरसा रही है। अति गर्म हवाओं का जोर बना होने से जंगल, पहाड़ तप उठे हैं।

## खरगोन उपमंडी वर्षों से बंद, अन्य मंडियों में जा रहे किसान

### उपमंडी निर्माण पर लाखों की राशि खर्च, नहीं मिल रहा किसानों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



दशकों पूर्व जमीन खरीद कर खरगोन में उपमंडी के निर्माण पर लाखों रुपए की राशि खर्च की गई। वर्षो से उपमंडी चालू न होने से किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसानों को अपनी उपज उदयपुरा, बरेली, पिपरिया मंड़ियों में बैंचने ले जाना समय और अतिरिक्त खर्च का नुकसानदायक कारण बन रहा है। वर्षो से मंडी में अनाज कारोबार न होने से मंडी में बने शेड, बाउन्ड्री बाल चबूतरा इत्यादि क्षतिग्रस्त हो रहे है। मंडी में कटीले झाड, घासफूस उग आने से वीरानी का आलम बना हुआ है। खरगौन एवं गांव-गांव मंडी नियमों की अनदेखी कर अनाज का व्यापार हो रहा है।

दशकों पूर्व बरेली कृषि उपज मंडी के अंतर्गत खरगोन एवं बाड़ी में उपमंडिया स्वीकृत हुई थी। खरगौन में अहमदपुर मार्ग पर भूमि खरीद कर उपमंडी के विभिन्न निर्माण कार्यों पर लाखों की राशि खर्च की गई। कुछ वर्ष मंडी में नीलामी का भी कार्य हुआ परंतु लंबे समय से मंडी बोर्ड आर बरेली मंडी के जिम्मेदारी की उदासीनता, उपेक्षा से खरगौन उपमंडी बंद रहने से किसानों को लाभ न मिलने के साथ प्रति सीजन अपनी उपज अन्य मंडियो में ले जाना मजबूरी बना हुआ है।

#### मंडी टेक्स की चोरी

खरगोन उपमंडी से जुडे आसपास के 20-25 ग्रामों में सिंचाई सुविधा का लाभ उठा कर किसानों द्वारा खरीफ में धान, रबी सीजन में गेंहू, चना एवं गर्मी के मौसम में मूंग की खेती की जा रही है। आसपास के ग्रामों के ग्रामों के बीच खरगौन प्रमुख कस्बा और व्यापारिक केन्द्र है। उपमंडी में अनाज की नीलामी कारोबार न होने से खरगौन के अन्य व्यापार पर व्यापक असर बना हुआ है। किसान जहॉ उपज बैंचता है, वही से अन्य सामग्री खरीदता है। भले उपमंडी में नीलामी न हो परंतु खरगौन में अनाज का व्यापार खरीद बिक्री हो रही है। इसी के साथ किसानों से उपज खरीद कर किसानों के नाम पर अन्य मंडियो मे ले जाने,बैंचने व्यापरी सक्रिय बने रहते है। मंडी नियमों की अनदेखी का गांव-गांव खरीद व्यापार में मंडी टेक्स चोरी की व्यापक चर्चा बनी हुई है।

## गुरू और शुक्र अस्त होने से 28 अप्रैल बाद लगा मांगलिक कार्यों पर विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



अक्षय तृतीया भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव की तिथि होती है। इस दिन बिना मुर्हूत विवाह, मुंडन, उपनयन संस्कार, ग्रह प्रवेश, अन्न प्रसान सहित अन्य कार्य होने की परंपरा है। परंतु इस वर्ष मांगलिक कार्यो के कारक ग्रह गुरू और शुक्र के अस्त होने से मांगलिक कार्यो मे विशेष विवाहों पर विराम रहेगा।

दशको से अक्षय तृतीया पर विभिन्न जाति समाजों के सामाजिक सम्मेलन और सामुहिक विवाहों की परंपरा बनी हुई है। क्षेत्र के नर्मदा तट पतई मे तो पिछले वर्षो में सेकडो सामुहिक विवाहों का गिनीज बुक में रिकार्ड दर्ज हो चुका है। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर विभिन्न समाजो के सामुहिक विवाहों के साथ परिवारों में विवाह कार्यक्रम न होने की स्थिति रहेगी। 26 एवं 28 अप्रैल को नगर एवं संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में विवाह बारातों की अधिकता रही। क्यों कि आने वाले दिनों में विवाह के कारक ग्रह गुरू और शुक्र अस्त रहने वाले है। विवाह कुंडली, लग्न मिलान समय में गुरू शुक्र के गुण दोष का मिलान किया जाता है। आकाश मंडल में गुरू और शुक्र ग्रह हो तभी विवाहों के मुर्हूत शुरू होते है। शुक्र ग्रह का 28 जून को उदय होगा। 3 जून को गुरू ग्रह का उदय होगा। इसके बाद भी मांगलिक कार्य लगभग 10 दिनों बाद 9 जुलाई को शुरू होंगे।

## सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने जमाया कब्जा, लग रहा जाम

# दुकानें खुलते ही सिकुड़ जाती हैं चौड़ी सड़कें, जाम से परेशान वाहन चालक

◆ वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटों में करना पड़ता है तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

शहर में सड़कों पर अतिक्रमण होने से प्रतिदिन जाम के हालात बन रहे हैं। राहगीरों, वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता है। शहर के अंदरूनी हिस्से की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है। बाकी की कसर दो पहिया वाहन चालक पूरी कर देते है। बाजार के हालत इतने खराब है कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुड़ने लगती है। दोनों ओर के दुकानदार सड़कों को ही शोरूम बना देते हैं। आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से बमुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है।

### इन स्थानों पर होती परेशानी

नगर के मुख्य बाजार में सुबह से लेकर देर रात यातायात में अवरोध पैदा होने से राहगीर परेशान हैं। शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में गांधी चौक, बजरंग चौराहा जाने वाले मार्ग से गुजरने से लोग अब कतराने लगे हैं। इन पर मार्गो पर दिन भर जाम लगता है।

वहीं इन मार्गों पर होटल, किराना, स्टेशनरी, स्कूल सामग्री, कपड़ा सहित अन्य जरूरी सामानों की दुकानें हैं। दुकानदारों ने शेडों के जरिए तो कई दुकानदारो द्वारा सामान और शोकेस रख लिए जाता है। सड़कों पर दुकान खुलते ही अतिक्रमण कर लिया जाता हैं। यहां आने वाले लोग भी सड़कों पर ही गाड़ी खड़ी करके खरीदारी करते हैं। जिससे मार्गो पर सुबह 10 बजे से लेकर रात आठ बजे तक गहमा गहमी बनी रहती है। इसी बीच यदि कोई चार पहिया वाहन या हाथ ठेला मार्ग पर आ जाता है तो यातायात ठप हो जाता है। यह स्थिति दिन में कई बार बन जाती है।



**मुख्य बाजार की छोटी गलियों में भी लग जाता है जाम**

*शहर के मुख्य बाजार में जब ग्राहक को वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं मिलती है तो वे नगर की संकरी गलियों में ही वाहनों को रखकर खरीदी करने चले जाते हैं। ऐसे में छोटी .छोटी गलियों में भी घटो जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के दौरान प्रेशर हार्न का इस्तेमाल भी खूब होता हैए जिससे व्यापारी सहित आम।*

**दुकान के बाहर रखा समान, प्रशासन नहीं करता कार्रवाही**

*गांधी चौक से लेकर बजरंग चौराहा, उदयपुरा रोड, सागर रोड तथा बरेली रोड पर दुकानदारो के द्वारा सड़क पर सामान रख का बेजा कब्जा कर लिया गया है, फल स्वरुप दिन में अनेको बाद जाम के हालात बनते हैं। एक तो दुकानदारों का सड़क के आधे हिस्से पर सामान रखकर कब्जा कर लेने दूजा खरीदारी करने बाजार आने वाले नागरिकों द्वारा दो, चार पहिया वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर देने से पैदल राहगीरो को परेशानी होती है। लेकिन प्रशासन कार्रवाही नहीं कर पा रहा है, जिससे नागरिकों को आवागमन में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। नगर की सामाजिक संस्था क्षेत्रीय विकास परिषद ने प्रशासन से आग्रह किया है कि यातायात पुलिस की व्यवस्था की जाए ताकि यातायात को व्यवस्थित किया जा सके व लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सके।*

# साढ़े 3 किमी की सड़क पर जगह जगह भरा रहता नालियों का पानी

## मार्ग से प्रतिदिन गुजरते हैं सैकड़ों काम करने वाले लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



फैक्ट्री चौराहा दीवान गंज से लेकर रेलवे स्टेशन दीवानगंज सेमरा तक लगभग 3.6 किलोमीटर सड़क की हालत दिनों दिन बदतर होती जा रही है। इस सड़क पर 3 गांव के लोगों को आना जाना लगा रहता है यहां पर हाईवे पर चार फैक्ट्री है। इन पर काम करने वाले व्यक्ति इसी सड़क से रात दिन गुजरते रहते हैं और रेलवे स्टेशन का सामान भी इसी रोड पर वाहनों द्वारा लाया ले जाया करता है।

रेलवे स्टेशन दीवानगंज की सड़क की हालत दिनों दिन खराब होती जा रही है। सड़क पर इतने गड्ढे हो गए हैं कि सड़क कम दिखती है और गड्ढे ज्यादा दिखते हैं यह सड़क निर्माण सन 2007 में ठेका दिया गया था जो कि 4 साल में बनकर तैयार हुई थी जिसकी तिथि बोर्ड पर अंकित है। ठेकेदार द्वारा फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज से लेकर रेलवे स्टेशन दीवानगंज सेमरा तक रोड पर पच वर्क भरने का ठेका लिया था। उसका ठेका समाप्त हो गया है। इस सड़क पर गुजरने वाले टू व्हीलर वाले आए दिन गिरते उठते रहते हैं। कुछ दिन पहले ही एक टू व्हीलर वाला गिर गया था इसको काफी चोटें आई थी उसे अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया गया था।

दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, रेलवे स्टेशन दीवानगंज मैं रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत इस सड़क का निर्माण कराया था प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत जो सड़क बनी थी वहा भी सही गुणवत्ता की नहीं बनाई गई थी। ठेकेदार का ठेका फरवरी के महीने में समाप्त हो गया है।

ग्रामीणों की मांग है की फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज से लेकर स्टेशन दीवानगंज सेमरा तक सड़क का निर्माण जल्दी से जल्दी कराया जाए। सड़क को बनाए हुए 15 साल हो गए हैं। फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज से लेकर रेलवे स्टेशन दीवानगंज सेमरा तक रोड की हालत इतनी बदतर हो गई कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है इस सड़क पर रात दिन ट्रकों का आना जाना लगा रहता है। ट्रक बड़े-बड़े लोड वाले आते रहते हैं आसपास के क्षेत्र में ईंट भट्टों का कारोबार चल रहा है, जिस कारण आए दिन ट्राफिक जाम भी लगा रहता है।

4 किलोमीटर सड़क की स्थिति खराब होने के कारण यहां के ग्रामीण ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। रोड पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए जिनमें हमेशा गंदा पानी भरा रहता है। जब कोई वाहन इन्ही गढ़ों में से होकर गुजरता है तो गंदा पानी उछलकर राहगीर को लग जाता है।

## पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बुधवार दोपहर को नकतरा-सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित ग्राम भूरी टेकरी के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर चक्का जाम कर दिया, चक्का जाम करीब 1 घंटे तक चला। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव में पानी नही है, जिससे उन्हें दूसरे गांव से पानी लाना पड़ रहा है।

गांव में नल-जल योजना है जो कि बंद पड़ी है चक्काजाम की सूचना मिलते ही रायसेन तहसीलदार विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे और चक्का जाम कर रहे ग्रामीण की समस्या सुनी ग्रामीणों ने तहसीलदार को बताया की उनके गांव में काफी दिनों से पानी की समस्या है।

जिसके चलते ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है इस पर तहसीलदार ने गांव के सरपंच को बुलाकर जल्द से जल्द पानी की समस्या हल करने की बात कही। वहीं ग्रामीणों को भी जल्दी उनकी समस्या हल करने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर ग्रामीण माने और चक्का जाम समाप्त किया।

**दीवानगंज क्षेत्र में हुई घटना...**

## बाइक सवार बिजली के खंभे से टकराया, गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



दीवानगंज के पास स्थित देहरी गांव पर मोटरसाइकिल सवार बिजली के खंभे से टकराकर घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात्रि को बाइक सवार विदिशा से भोपाल जा रहा था। जैसे ही देहरी गांव पर पहुंचा तो बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई जिससे बाइक सवार रोड के किनारे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण और राहगीरों द्वारा घायल को उठाकर एंबुलेंस से भोपाल अस्पताल ले गई, जहां पर घायल का इलाज जारी है। भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। रोज 40 किलोमीटर मार्ग पर दुर्घटना हो रही है। 4 महीने के अंदर 40 से ज्यादा दुर्घटनाएं हो चुकी है। जिसमें अभी तक 8 व्यक्तियों की मौत हो गई तथा 70 लोग से ज्यादा घायल हो गए। भोपाल विदिशा हाईवे को खूनी सड़क कहने लगे हैं क्योंकि सड़क पर आए दिन दुर्घटना हो रही है जिनमें कई लोग घायल हो रहे हैं तो कई लोगों की मौत हो रही है।

# गर्मी ने पकड़ी रफ्तार, सूरज की किरणों से बरसने लगी आग, लू का बढ़ा खतरा, सूनसान पड़ी सड़कें



◆ सलामतपुर स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही निजी क्लीनिकों पर बड़ी मरीजों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

वैशाख, जेठ का महिना भीषण गर्मी, तेज धूप और जरा सी असावधानी पर लू लगने का कारण बनता है। पिछले एक सप्ताह से गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिए है। सूरज की किरणों से दिन में आग बरसने से सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, त्रिमूर्ति चौराहा सहित आसपास क्षेत्र के बाजारों में सन्नाटा छाने की स्थिति बन रही है।

कभी कभार आसमान में बादल छा जाने से तेज धूप और आग बरसा रही सूरज की किरणों से लोगों को राहत जरूर मिल जाती है। वैशाख का आधा महिना बीतने वाला है। प्रतिदिन बढ़ता तापमान, गर्म हवाओं से दिन में शरीर को झुलसा देने वाली स्थिति बन रही है।

### लू लगने से बीमार हो रहे हैं लोग, अस्पताल में बढ़ी मरीज़ों की तदाद

जिस प्रकार एकाएक गर्मी ने रोद्र रूप धारण किया है। दिन में सूरज की किरणों और गर्म हवाओं का सामना कठिन हो रहा है। वहीं रात में भी गर्मी और उमस के माहौल से भरपूर नींद लेना कठिन होने लगा है। सुबह 9 बजे से शाम तक गर्म हवाओं का जोर बना रहता है। भीषणतम गर्मी के कारण जरा सी असावधानी लू लगने, बीमार पड़ने का कारण बन रही है।

सलामतपुर स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉ. रवि राठौर ने तेज धूप, गर्मी में लोगो से बाहर न निकलने की सलाह दी है। जरूरी होने पर धूप से बचाव और भरपूर पानी पीकर ही घर से बाहर निकलने की सलाह देते हुए कहा कि शीतल पेय पदार्थों का भी बहुत सावधानी से उपयोग करें।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शासकीय व अशासकीय आईटीआई में विभिन्न व्यावसायिक पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गए हैं। अभ्यर्थी इंटरनेट से अपने स्तर अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल पर 20 मई तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। आईटीआई में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। समस्त इच्छुक आवेदक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करें।

जिले की 6 शासकीय आईटीआई रायसेन, मंडीदीप, देवरी, गैरतगंज, बेगमगंज एवं सिलवानी में विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदाय किया जाता है। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिये नजदीकी आईटीआई में संपर्क किया जा सकता है।

## नर्मदा स्नान करने जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



राजमार्ग 15 सिलवानी बरेली पर ग्राम कुण्डाली पेट्रोल पम्प के पास मां नर्मदा स्नान करने जा रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सवार बलराम विश्वकर्मा पिता पन्नालाल विश्वकर्मा उम्र 40 साल निवासी तिजालपुर थाना सलामतपुर, अपने साथी ओमकार प्रसाद शर्मा के टीवीएस बाइक से मां नर्मदा स्नान करने बोरास जा रहे थे।

मंगलवार की रात्रि लगभग 10 बजे कस्बा बम्होरी थाना क्षेत्र के ग्राम कुण्डाली पेट्रोल पम्प के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार बलराम विश्वकर्मा की मौके पर मौत हो गई, ओमकार प्रसाद शर्मा घायल हो गए, घायल को जिला अस्पताल रायसेन भेजा गया है।मृतक तीन भाईयो में सबसे बड़े वाले भाई था। इस संबंध में थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी ने बताया कि प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

मृतक बलराम विश्वकर्मा के शव को पोस्टमार्टम हेतु हॉस्पिटल भेजा गया है, वही घायल ओमकार प्रसाद शर्मा का जिला चिकित्सालय रायसेन में इलाज चल रहा है।

## जिला सहित तहसील न्यायालयों में 11 मई को लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 11 मई को वर्ष 2024 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय रायसेन एवं समस्त तहसील न्यायालयों में किया जाएगा। जिला मुख्यालय रायसेन में 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे जिला न्यायालय के सभागृह में किया जाएगा।

इस नेशनल लोक अदालतों में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें सहित अनेकों प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

## एक महीने में ही 25 फीसदी तक बढ़े सब्जियों के दाम, मंडी में कम हो रही आवक

# हरी सब्जियों पर महंगाई की मार, ग्राहक परेशान



**सब्जी मंडी से ठेले तक पहुंचते ही दोगुने हो जाते हैं दाम...**

*सब्जी मंडी में बिक रहीं विभिन्न सब्जियां थोक के मुकाबले खेरिज (फुटकर) में लगभग दोगुनी कीमत पर बिक रही हैं। जब यह सब्जी ठेलों से घर पहुंचती है तो रेट दोगुना हो जाते हैं। कस्बे के भोपाल विदिशा मुख्यमार्ग, बस स्टैंड, रातातलाई रोड, बेरखेड़ी चौराहा, चौराहा, त्रिमूर्ति चौराहा आदि क्षेत्रों में सब्जियां सबसे अधिक महंगी हैं। वहीं मोहल्ले कॉलोनियों में ठेले पर फुटकर सब्जियां भी मंहगी बिकती हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

क्षेत्र में महीने भर के अंदर ही हरी सब्जियों के दाम लगभग 25 प्रतिशत बढ़ गए हैं। नीबू 120 और टमाटर 25 रुपए किलो तक बिक रहे हैं। सब्जी बाजार में इन दिनों हरी सब्जियों की आवक कम होने से दाम में बढ़ोतरी होने लगी है। जिससे ग्राहक बेहद परेशान है। वहीं सब्जी विक्रेता बता रहे हैं कि अभी और भी महंगा हो सकता है आलू।

सब्जी मंडी में स्थानीय किसानों द्वारा आलू लाया जा रहा है। इससे आलू की कीमत स्थिर है। जब किसानों का आलू बाजार में आना बंद हो जाएगा तब व्यापारी कोल्ड में रखा आलू बाहर निकालेंगे। इससे आलू की कीमत में उछाल देखा जा सकता है। इसका एक कारण सीजन के समय ही आलू की कीमत आना है। फिलहाल सब्जी मार्केट में आलू के दाम 25 रुपए से लेकर 30 रुपए किलो बने हुए हैं।गर्मी बढ़ने के साथ ही सब्जियों के दाम भी चढ़ते जा रहे हैं। बीते एक माह में सलामतपुर, दीवानगंज, बेरखेड़ी चौराहा, सांची सहित अन्य कस्बों में हरी सब्जियों के दाम में करीब 25 फीसदी का उछाल आया है। नीबू की मांग बढ़ने से इनकी कीमत 100 से 120 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है।

आलू करीब 5 बढ़कर 25 से 30 रुपए किलो में बिक रहा है। अन्य सब्जियों के दामों में भी तेजी देखी जा रही है। हालांकि प्याज के दाम करीब 8 रुपए कम हुए हैं। कस्बे के सब्जी मंडी के विक्रेता सोनू , नथन सिंह, गब्बर मेहरा का कहना है कि चूंकि गर्मी के मौसम में हरी सब्जियों की पैदावार घट जाती है। ऐसे में आवक कम होने से स्वभाविक रूप से सब्जियों के दाम बढ़ते हैं। अभी सब्जियों के दाम में और भी ज्यादा तेजी आने की आशंका है।

**दाम एक नजर में....**

| सब्जी | थोक | फुटकर |
|---|---|---|
| आलू | 13-14 | 25- 30 |
| प्याज | 15- 16 | 25- 30 |
| फूल गोभी | 18- 20 | 30-40 |
| बंद गोभी | 10- 12 | 30 से 40 |
| हरी धनिया | 10- 15 | 80-100 |
| हरी मिर्च | 10-12 | 40-60 |
| टमाटर | 10-12 | 20-25 |
| टिंडे | 28-30 | 60-80 |
| भिंडी | 16-18 | 30-40 |
| नींबू | 60-65 | 100-120 |

सब्जी मंडी के मॉडल रेट, फुटकर दाम सब्जी विक्रेताओं के बताए अनुसार हैं।




### शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, 20 मई तक चलेगा प्रवेश

**सिलवानी।** नगर के शासकीय कॉलेज में नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कॉलेज प्रबंधन ने प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राओं से प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने का आगह किया है। महाविद्यालय में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए कें विभिन्न विषयों के लिए एडमिशन दिया जा रहा हैं। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्याम साहू एवं प्राचार्य डा. बीडी खरवार ने बताया कि उक्त कक्षाओं के लिए करीब 6 सौ सीटो का आवंटन किया गया है, 20 मई तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। बताया जा रहा है कि 20 मई तक आवंटित सीटो पर प्रवेश पूर्ण नहीं होने पर तारीख बढ़ाई जा सकती हैं।

# मौसम में बार-बार बदलाव से मूंग की फसल में लगी इल्ली

## खेत में कीटनाशक के छिड़काव से कीट नहीं हो रहे नियंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



सांची जनपद के कई गांवों में ग्रीष्मकालीन दलहनी फसल मूंग सहित अन्य फसलों में अब महू कीट लगने लगे हैं। कीट लगने से दलहनी फसलों की गुणवत्ता व उत्पादन प्रभावित होने की प्रबल आशंकाएं हैं। मौसम में आएदिन हो रहे बदलाव के चलते लगभग हर सप्ताह ही एक से दो दिन बादल छा रहे हैं। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट नजर आ रही है।

कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा के प्रभारी डॉ स्वप्निल दुबे के अनुसार अंचल में लगभग हर दूसरे और तीसरे दिन मौसम में बदलाव हो रहा है। आसमान में बदाल छाए रहने से दलहनी, तिलहनी फसलों को ज्यादा नुकसान होगा।तहसील क्षेत्र सहित जिले भर में गेहूं की फसल के बाद किसानों ने मूंग की फसल की बोवनी कर दी है। अभी से मूंग के पौधों में इल्ली लगना प्रारंभ हो गई है। मौसम में आए दिन हो रहे बदलाव की वजह से ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में इल्ली प्रकोप बढ़ रहा है। खोहा के किसान भगवान पटेल, गोविंद पटेल, रघुवीर पटेल, गोपाल सिंह और शाहपुर के किसान अभिषेक मीणा, दीपक अहिरवार सहित अन्य किसानों का कहना है कि वे कीटनाशक का छिडक़ाव भी कर रहे, लेकिन इल्ली नियंत्रित नहीं हो रही है। ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में सफेद बैंगनी रंग की मारूका इल्ली का प्रकोप देखा जा रहा है। इससे किसान चिंतित नजर आ रहे हैं।